प्रथम सूचना रिपोर्ट
( अन्तर्गत धारा 154 दण्ड प्रकिया संहिता )

1. जिला. चौकी एसीबी, भीलवाडा– द्वितीय, थाना. सीपीएस, एसीबी, जयपुर वर्ष – 2023
प्र. ई. रि. स. 12/2023 दिनांक 14/1/2023
(अ) अधिनियम. भ्र. नि. अधिनियम धाराये **7, 7ए पी.सी. एक्ट 2018 (संशोधित) 120बी भा.द.स.**
(ब) अधिनियम............. ..................... धारायें ......................
(स) अधिनियम ........................................धारायें........................................
(द) अन्य अधिनियम एवं धारायें ........................................................
3. (अ) रोजनामचा आम रपट सख्या 268 समय 11:30 A.M.
(ब) अपराध घटने का दिन–दिनांक **गुरूवार :– 12.01.2023 समय 06.18 पी.एम.**
(स) थाना/चौकी पर सूचना प्राप्त होने की दिनांक– **09.12.2022 समय. 11:10 ए.एम.**
4. सूचना की किस्म :– लिखित/मौखिक – **टाईपशुद्वा**
5. घटनास्थल :–
(अ) पुलिस चौकी से दिशा व दूरी – **दक्षिण बफासला करीब 1 कि.मी.**
(ब) पता – **रेल्वे स्टेशन के सामने, तम्बोली कचौरी के पास–भीलवाडा।**
बीट संख्या ................जरायमदेही सं........................................
(स) यदि इस पुलिस थाना से बाहरी सीमा का है तो
पुलिस थाना.............................................जिला.........................................
6. परिवादी/सूचनाकर्ता :–
(अ) नाम – **श्री केदार सहनी**
(ब) पिता का नाम.... **श्री सुकुल सहनी**
(स) जन्म तिथि /वर्ष :–
(द) राष्ट्रीयता......... भारतीय
(य) पासपोर्ट सख्या ....................................जारी होने की तिथी......................................
जारी होने की जगह...........................................................................
(र) व्यवसाय:– **व्यापार**
(ल) पता– निवासी– **बेलवा हाल लक्ष्मीपुरा, भीलवाडा।**
7. ज्ञात/अज्ञात संदिग्ध अभियुक्तो का ब्यौरा सम्पूर्ण विशिष्टियों सहित :–

**1. श्री शिम्भुदयाल पुत्र श्री उमराव सिंह बावरिया, उम्र–50 वर्ष निवासी सुभाषनगर, पोस्ट–मीरपुर, पुलिस थाना–नारनोल, जिला–महेन्द्रगढ हाल निवास म.न. 41, शिव मन्दिर के पास, जैन किराणा के सामने–सुभाषनगर, भीलवाडा हाल लाइजन अधिकारी, आई.आर. बी., मॉर्डन रोड मैकर्स प्रा.लि.**

**2. श्री हस्तीमल जैन पुत्र श्री मदन लाल जैन उम्र 52 वर्ष निवासी मकान नं 40 कमला पॉम, भीलवाडा (दलाल)**

8. परिवादी/ सूचनाकर्ता द्वारा इत्तला देने में विलम्ब का कारण :–कोई नही ...
चुराई हुई / लिप्त सम्पति की विशिष्टियां (यदि अपेक्षित होतो अतिरिक्त पन्ना लगायें) 50,000/–. रिश्वत राशि
9. चुराई हुई/लिप्त सम्पति का कुल मूल्य .... पंचनामा/ यू.डी. केस सख्या

(अगर हो तो ) 50,000/–. रिश्वत राशि

10. विषय वस्तु प्रथम इत्तिला रिपोर्ट – (अगर अपेक्षित हो तो अतिरिक्त पन्ना लगाये)

सेवा में,

श्रीमान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय
भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो
भीलवाडा कृर्षि मंडी

विषयः– कानूनी कार्यवाही करने बाबत्।

महोदय जी,

निवेदन है कि मैने ग्राम लक्ष्मीपुरा (पुर) जिला भीलवाडा मे आराजी संख्या 7381 से 7386 तक मे से भुखण्ड संख्या 3 साईज 25 गुणा 40 का श्री राज सिंह जोधा निवासी भीलवाडा से खरीदा तथा उसके पास ही स्थित श्री चान्दमल सुवालका निवासी आसपुर का आवासीय मकान संख्या 24 साईज 32 गुणा 38.6 फिट का खरीदा, उक्त भुखण्ड संख्या 3 व मकान संख्या 24 मैने 500 रू के स्टाम्प पर क्रय की लिखापढी की थी। उक्त दोनो जमीन पर मैने रहने के लिए मकान बनाने का काम चला रखा है। आज दिनांक 09.12.2022 को सुबह करीब 09.30 बजे मेरे उक्त मकान पर एन.एच.ए.आई. के अधिकारी श्री शम्भुदयाल जी पटवारी साहब बोलेरो गाडी लेकर आये, जिन्होने मुझे कहा कि तुम यह हाईवे की जमीन मे बना रहे हो तुम अपना काम रोक देना नही तो मैं जे.सी.बी. लाकर निर्माण तोड दूगा फिर मैंने चान्दमल जी सुवालका को बुलाया जिन्होने बोलेरो मे सवार एन.एच.ए.आई. के शम्भुदयाल जी पटवारी से बात की तो पटवारी जी ने मेरा निर्माण नही तोडने के एवजं मे खुद के लिए व एन.एच.ए.आई. अधिकारियो के लिए 60,000 रूपये रिश्वत के मांगे, और कहा कि कोई भी अधिकारी तुम्हारा निर्माण नही तोडेगा, मेरी जिम्मेदारी है। मैं शम्भुदयाल जी पटवारी को खुद के लिए व एन.एच.ए.आई. के अधिकारीयो के लिए रिश्वत नही देना चाहता हूँ, और मैं उन्हे रंगे हाथो पकडवाना चाहता हूँ, रिश्वत संबधी बातचीत मेरे साथ आये चांदमल जी सुवालका करेगे, क्यूकि मैं केवल साक्षर हुं व यहां की भाषा नही जानता हूँ। रिपोर्ट करता हूँ, कानूनी कार्यवाही कराने की कृपा करावें।

दिनांक :– 09.12.2022

प्रार्थी

श्री केदार सहनी पुत्र श्री सुकुल सहनी
निवासी बेलवा हाल लक्ष्मीपुरा, भीलवाडा
मो.न. 9929717556

श्री शिव प्रकाश, (पु.उ.अ.)
काननी कार्यवाही करें।
एसडी ब्रजराज सिंह 09.12.22
एसडी गोपाल
16.12.22
एस.डी पवन
16/12/22

**<u>कार्यवाही पुलिस भ्र.नि.ब्यूरो भीलवाडा–द्वितीय</u>**

दिनांक 09.12.2022 समय 11.10 ए.एम पर मन् पुलिस उप अधीक्षक शिवप्रकाश को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, श्री ब्रजराज सिंह, भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो भीलवाडा द्वितीय ने परिवादी श्री केदार सहनी पुत्र श्री सुकुल सहनी निवासी बेलवा हाल लक्ष्मीपुरा, भीलवाडा व श्री चांदमल उर्फ चन्दु सुवालका पुत्र श्री नंदलाल सुवालका निवासी आसपुर जिला भीलवांडा द्वारा पेश शुदा रिपोर्ट मुझ पुलिस उप अधीक्षक को आवश्यक कार्यवाही का पृष्ठाकंन कर मय परिवादी व श्री चांदमल उर्फ चन्दु सुवालका के सूपूर्द की। मन् पुलिस उप अधीक्षक ने परिवादी श्री केदार सहनी व श्री चांदमल उर्फ चन्दु सुवालका द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट को पढ़कर परिवादी को सुनाई गई तो परिवादी ने रिपोर्ट में अंकित तथ्यों का सही होना व रिपोर्ट पर अपने हस्ताक्षर होना बताया। रिपोर्ट में अंकित तथ्यों के सम्बन्ध में मुझ पुलिस उप अधीक्षक

द्वारा दरियाप्त की गई। परिवादी ने बताया कि मैने ग्राम लक्ष्मीपुरा (पुर) जिला भीलवाडा मे आराजी संख्या 7381 से 7386 तक मे से भुखण्ड संख्या 3 साईज 25 गुणा 40 का श्री राज सिंह जोधा निवासी भीलवाडा से खरीदा तथा उसके पास ही स्थित श्री चान्दमल सुवालका निवासी आसपुर का आवासीय मकान संख्या 24 साईज 32 गुणा 38.6 फिट का खरीदा, उक्त भुखण्ड संख्या 3 व मकान संख्या 24 मैने 500 रू. के स्टाम्प पर क्रय की लिखापढी की थी। उक्त दोनो जमीन पर मैने रहने के लिए मकान बनाने का काम चला रखा है। आज दिनांक 09.12.2022 को सुबह करीब 09.30 बजे मेरे उक्त मकान पर एन.एच.ए.आई. के अधिकारी श्री शिम्भुदयाल जी पटवारी साहब बोलेरो गाडी लेकर आये, जिन्होने मुझे कहा कि तुम यह हाईवे की जमीन मे बना रहे हो तुम अपना काम रोक देना नही तो मैं जे.सी.बी. लाकर निर्माण तोड दूगा फिर मैंने चान्दमल जी सुवालका को बुलाया जिन्होने बोलेरो मे सवार एन.एच.ए.आई. के शिम्भुदयाल जी पटवारी से बात की तो पटवारी जी ने मेरा निर्माण नही तोडने के एवजं मे खुद के लिए व एन.एच.ए.आई. अधिकारियो के लिए 60,000 रूपये रिश्वत के मांगे, और कहा कि कोई भी अधिकारी तुम्हारा निर्माण नही तोडेगा, मेरी जिम्मेदारी है। मैं शिम्भुदयाल जी पटवारी को खुद के लिए व एन.एच.ए.आई. के अधिकारीयो के लिए रिश्वत नही देना चाहता हूँ, और मैं उन्हे रंगे हाथो पकडवाना चाहता हूँ, रिश्वत संबधी बातचीत मेरे साथ आये चांदमल जी सुवालका करेगे, क्यूकि मैं केवल साक्षर हुँ व यहां की भाषा नही जानता हूँ। मजमुन रिपोर्ट व परिवादी से दरियाप्त पर मामला रिश्वत राशि लेन–देन का होकर भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम (संशोधन) 2018 का पाया जाता हैं। समय 11.20 ए.एम पर श्री गोपाल जोशी हैड कानि. से कार्यालय के मालखाना से सरकारी वॉईस रिकॉर्डर व एक नया मेमोरी कार्ड निकलवा कर प्राप्त किया गया। समय 11.25 ए.एम पर परिवादी श्री केदार सहनी व श्री चांदमल उर्फ चन्दु को वॉईस रिकॉर्डर चालू व बन्द करना सिखाया। परिवादी को रिश्वत राशि मांग सत्यापन के मन्तव्य से अवगत कराया गया तो परिवादी व श्री चांदमल उर्फ चन्दु ने बताया कि आरोपी अभी वापस मौके पर आयेगा, आप अभी हमारे साथ किसी को भिजवा दो तो हम अभी मांग सत्यापन की कार्यवाही करवा देते है। जिस पर मन् पुलिस उप अधीक्षक ने श्री गोपाल जोशी हैडकानि को तलब कर परिवादीगणो का व श्री गोपाल जोशी हैडकानि का आपस में परिचय करवाया जाकर तीनों के मोबाईल नम्बरों का आपस में आदान–प्रदान करवाया गया। समय 11.35 ए.एम पर परिवादी श्री केदार सहनी व श्री चांदमल उर्फ चन्दु व श्री गोपाल जोशी हैड कानि को डिजीटल वॉयस रिकॉर्डर मय मेमोरी कार्ड सिपूर्द कर वास्ते रिश्वत राशि मांग सत्यापन हेतु पुर बाईपास रवाना किया गया। समय 01.15 पी.एम पर परिवादी श्री केदार सहनी व श्री चांदमल उर्फ चन्दु सुवालका व श्री गोपाल जोशी हैड कानि एसीबी चौकी भीलवाडा–द्वितीय पर उपस्थित आये श्री गोपाल जोशी हैड कानि ने डिजीटल वॉयस रिकॉर्डर मय मेमोरी कार्ड पेश कर बताया कि कार्यालय से चांदमल उर्फ चन्दु सुवालका की कार से रवाना हो परिवादी के के पुर बाईपास स्थित हाईवे किनारे निर्माणाधीन मकान के पास पहुँचे, थोडी देर बाद एक बोलेरो आकर रूकी, जिसमे चालक सहित तीन व्यक्ति बैठे नजर आये, परिवादीगण ने कहा कि आरोपी आ गया है। जिस पर डिजीटल वॉयस रिकॉर्डर मय मेमोरी कार्ड चालुकर चांदमल उर्फ चन्दु सुवालका को सिपूर्द कर रिश्वत राशि मांग सत्यापन हेतु आरोपी के पास रवाना किया, मैं परिवादी की कार मे ही थोडी दूर बैठा रहकर देखता रहा। परिवादी श्री केदार सहनी व श्री चांदमल उर्फ चन्दु सुवालका रवाना हो बोलेरो गाडी के पास पहुँचे जहां सडक के किनारे दो व्यक्ति खडे थे। जिनसे चांदमल उर्फ चन्दु लाल सुवालका दूर से बात करता नजर आया व परिवादी केदार सहनी थोडी दूरी पर खडा दिखायी दिया। करीब 20 मिनिट बाद परिवादी श्री केदार सहनी व श्री चांदमल उर्फ चन्दु सुवालका मेरे पास आये श्री चांदमल उर्फ चन्दु सुवालका ने चालु डिजीटल वॉयस रिकॉर्डर मय मेमोरी कार्ड सिपूर्द किया जिसे मैंने प्राप्त कर बंद किया। श्री चांदमल उर्फ चन्दु सुवालका ने मुझे बताया कि यहां से रवाना होकर हम आरोपी की बोलेरो गाडी के पास पहुँचे, वहां आरोपी के साथ एक आदमी और भी था, मैंने आरोपी से केदार सहनी के मकान को नही तोडने के संबध मे बातचीत की, आरोपी ने मेरे से 60,000 रूपये रिश्वत के मांगे, मेरे द्वारा कम करने की कहने पर 50,000 रूपये लेने पर सहमत हुये मैंने रिश्वत राशि मांग सत्यापन की वार्ता को डिजीटल वॉयस रिकॉर्डर मय मेमोरी कार्ड में रिकॉर्ड कर लिया है। फिर मैं व परिवादी श्री केदार सहनी व श्री चांदमल उर्फ चन्दु सुवालका पुर बाईपास, भीलवाडा से श्री चांदमल उर्फ चन्दु सुवालका की कार से रवाना हो कार्यालय मे उपस्थित आये। तत्पश्चात मन् पुलिस उप अधीक्षक ने श्री चांदमल उर्फ चन्दु सुवालका से दरियाप्त की तो उसने श्री गोपाल जोशी हैडकानि द्वारा बताये उक्त तथ्यों की ताईद कर रिश्वत राशि मांग का सत्यापन हो जाना बताया। परिवादी श्री केदार सहनी ने भी उक्त तथ्यो की ताईद की। तत्पश्चात मन् पुलिस उप अधीक्षक ने श्री गोपाल जोशी हैडकानि द्वारा पेशशुद्वा रिश्वत राशि मांग सत्यापन की रिकॉर्डशुद्वा वार्ता दिनांक 09.12.2022 के डिजीटल वॉईस रिकॉर्डर मय मेमोरी कार्ड को चलाकर सुना तो रिश्वत राशि मांग सत्यापन होना पाया गया। श्री चांदमल उर्फ चन्दु सुवालका ने बताया कि आने वाले दो दिनो तक तो आरोपी के कार्यालय मे छुटटी है और उसके बाद मैं मेरे भानजे की शादी होने से सामाजिक कार्य मे व्यस्त रहुंगा। मेरे भानजे की शादी की आरोपी को भी जानकारी है। मेरे पास यदि आगे होकर रिश्वत राशि के लिए यदि आरोपी का फोन आ भी गया तो मैं शादी मे व्यस्त होने व शादी के कार्यक्रम से निपटने के बाद उपस्थित हो जाने के लिए कह दूंगा। मैं रिश्वत

राशि की व्यवस्था कर दिनांक 16.12.2022 को प्रातः 10 बजे केदार साहनी को साथ लेकर आपके कार्यालय मे उपस्थित हो जाऊंगा, जिस पर रिश्वत राशि मांग सत्यापन वार्ता के डिजीटल वॉइस रिकॉर्डर मय मेमोरी कार्ड को कार्यालय के मालखाना में श्री गोपाल जोशी हैड कानि. से सुरक्षित रखवाया गया। समय 03.00 पी.एम पर परिवादी श्री केदार सहनी व श्री चांदमल उर्फ चन्दु सुवालका को गोपनीयता रखने की हिदायत कर आवश्यक समझाईश कर रूखसत किया गया। दिनांक 16.12. 2022 समय 09.30 ए.एम पर अग्रिम ट्रेप कार्यवाही की जाना प्रस्तावित होने से अग्रिम ट्रेप कार्यवाही में स्वतन्त्र गवाहान की आवश्यकता होने से खनि अभियंता, भीलवाडा के नाम तहरीर लिखकर दो स्वतन्त्र गवाह की तलबी हेतु कानि श्री शिवराज कानि को रवाना कार्यालय खनि अभियंता भीलवाडा किया। समय 09.45 ए.एम पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक भीलवाडा द्वितीय को श्री प्रहलाद हैड कानि, श्री पवन कानि, ए.सी.बी. चौकी भीलवाडा–प्रथम को प्रस्तावित ट्रेप कार्यवाही हेतु सहायतार्थ चौकी भीलवाडा–द्वितीय पर तलब करने हेतु निवेदन किया। समय 10.15 ए.एम पर श्री शिवराज सिंह कानि मय कार्यालय खनि अभियंता, भीलवाडा से गवाह श्री गोपाल लाल पॅवार, वरिष्ठ सहायक, कार्यालय खनि अभियंता–भीलवाडा व श्री पवन कुमार यादव, आशुलिपिक, कार्यालय खनि अभियंता–भीलवाडा उपस्थित आये। उक्त दोनो गवाहान को आने के मन्तव्य से अवगत कराया। जिन्हे कार्यालय कक्ष में बिठाया गया। समय 10.25 ए.एम पर भ्र.नि.ब्यूरो चौकी भीलवाडा–प्रथम से श्री प्रहलाद हैड कानि, श्री पवन कानि ए.सी.बी. चौकी भीलवाडा–प्रथम से कार्यालय पर उपस्थित आये। जिन्हे कार्यालय कक्ष में बिठाया गया। समय 10.30 ए.एम पर परिवादी श्री केदार सहनी व श्री चांदमल उर्फ चन्दु सुवालका कार्यालय पर उपस्थित आये। जिन्हे कार्यालय कक्ष में बिठाया गया। समय 10.45 ए.एम पर कार्यालय में उपस्थित सुदा स्वतंत्र गवाह श्री गोपाल लाल पॅवार, वरिष्ठ सहायक, कार्यालय खनि अभियंता–भीलवाडा व श्री पवन कुमार यादव, आशुलिपिक, कार्यालय खनि अभियंता–भीलवाडा को बुलाने के प्रयोजन से अवगत करवाया। परिवादी श्री केदार सहनी व श्री चांदमल उर्फ चन्दु सुवालका की रिपोर्ट को दोनों गवाहान को पढकर सुनाया एवं पढाया गया। कार्यालय के मालखाना से रिश्वत राशि मांग सत्यापन वार्ता दिनांक 09.12.2022 के वॉईस रिकॉर्डर मय मेमोरी कार्ड को श्री गोपाल जोशी हैड कानि. से निकलवा कर रिश्वत राशि मांग सत्यापन की दर्ज वार्ता दिनांक 09.12.2022 को चालुकर सुनाया गया। गवाहान ने दर्ज वार्ता को सुनकर रिश्वत राशि का मांग सत्यापन होना बताया। उक्त दोनों गवाहान ने रिपोर्ट को पढ व समझकर की जाने वाली कार्यवाही में उपस्थित रहने हेतु अपनी–अपनी सहमति प्रदान की। जिस पर परिवादीगण व गवाहान का आपस में परिचय करवाया गया। रिश्वत राशि मांग सत्यापन वार्ता दिनांक 09.12.2022 के डिजीटल वॉईस रिकॉर्डर मय मेमोरी कार्ड को कार्यालय के मालखाना में श्री गोपाल जोशी हैड कानि. से सुरक्षित रखवाया गया। समय 11.45 ए.एम पर मन् पुलिस उप अधीक्षक द्वारा कार्यालय मे उपस्थितशुद्वा श्री केदार सहनी पुत्र श्री सुकुल सहनी निवासी बेलवा हाल लक्ष्मीपुरा, भीलवाडा व श्री चांदमल उर्फ चन्दु सुवालका पुत्र श्री नंदलाल सुवालका निवासी आसपुर जिला भीलवाडा को आरोपी को रिश्वत में दी जाने वाली राशि पेश करने हेतु कहने पर परिवादी श्री केदार सहनी ने अपने पास से भारतीय चलन मुद्रा के 500–500 रूपये के 50 नोट कुल 25,000 रूपये प्रस्तुत कर बताया कि अभी मेरे से अभी 25,000 रूपये की ही व्यवस्था हो पायी है, इसलिए 25,000 रूपये ही पेश कर रहा हूँ। परिवादी द्वारा पेश नोटों पर मुद्रित नम्बरों को फर्द में अंकित करवाया गया, तत्पश्चात कार्यालय के मालखाना से फिनोल्फ्थलीन पाउडर की शीशी को श्री पवन कुमार कानि 417 से निकलवाई जाकर उपरोक्त नोटों के दोनों ओर श्री पवन कुमार कानि से फिनोल्फ्थलीन पाउडर लगवाया गया। परिवादी श्री केदार सहनी की जामा तलाशी गवाह श्री गोपाल लाल पॅवार वरिष्ठ सहायक, कार्यालय खनि अभियंता–भीलवाडा से लिवाई जाकर कोई वस्तु नही छोडते हुए पाउडर लगे नोटों को श्री पवन कुमार कानि से परिवादी की पहने हुए लोवर की बांयी जेब में रखवाये गये। तत्पश्चात श्री रामेश्वर लाल कानि. 250 से एक साफ कॉच के गिलास में साफ पानी भरवाकर मंगवाया जाकर इसमें एक चम्मच सोडियम कार्बोनेट पाउडर डलवाकर घोल तैयार करवाया जाकर हाजरियान को दिखाया गया तो हाजरियान ने घोल का रंग अपरिवर्तित होना स्वीकार किया। इस घोल में श्री पवन कुमार कानि की अंगुलियों, अंगूठे को डूबोकर धुलवाई गई तो धोवण का रंग गुलाबी हो गया। इस प्रकार मन् पुलिस उप अधीक्षक ने हाजरियान के समक्ष फिनोफ्थलीन पाउडर एवं सोडियम कार्बोनेट पाउडर की रासायनिक प्रतिक्रिया प्रदर्शित कराकर उसके मन्तव्य से अवगत कराते हुए बताया कि आरोपी द्वारा परिवादी से रिश्वत राशि ग्रहण करने के पश्चात उक्त प्रक्रिया अपनाई जायेगी। जिससे यह प्रमाणित होगा कि आरोपी ने रिश्वती राशि अपने हाथों से ग्रहण की है। उक्त गुलाबी घोल को श्री पवन कुमार कानि से कार्यालय से बाहर फिंकवाया जाकर फिनोफ्थलीन पाउडर की शीशी को श्री पवन कुमार कानि से कार्यालय के मालखाना में सुरक्षित रखवाई गई तथा फिनोफ्थलीन पाउडर लगाने में काम में लिये गये सफेद कागज को जलाकर नष्ट करवाया गया। कांच के गिलास को दो बार साफ पानी व साबुन से धुलवाये गये। परिवादी को हिदायत दी गई कि वह आरोपी के द्वारा रिश्वत राशि मांगने पर ही उसे देवे तथा रिश्वत राशि देने से पूर्व या देने के बाद उससे हाथ नहीं मिलावे तथा न ही उसके शरीर के किसी अंग को छुए, यदि अभिवादन की आवश्यकता हो तो हाथ जोड़कर अभिवादन करे। परिवादी को यह भी हिदायत दी गई कि रिश्वत राशि देते समय जल्दबाजी व घबराहट का

प्रदर्शन न करे तथा रिश्वत राशि देने के बाद अपने सिर पर हाथ फेरकर ईशारा करे। यह निर्धारित ईशारा ट्रेप पार्टी के सभी सदस्यों को समझाया गया। ट्रेप कार्यवाही में प्रयुक्त होने वाली कांच की शिशियॉ, गिलास, ढक्कन चम्मच इत्यादि को श्री रामेश्वर लाल कानि. से साफ पानी व साबुन से दो बार धुलवाकर ट्रेप बाक्स में रखवाये गये। गवाहान तथा ट्रेप पार्टी के सदस्यों को यह भी हिदायत दी गई कि यथासंभव अपनी–अपनी उपस्थिति को छिपाते हुए परिवादी तथा आरोपी के मध्य रिश्वती राशि के लेन–देन को देखने व सुनने का प्रयास करे। ट्रेप पार्टी के सभी सदस्यों के हाथ साफ पानी व साबुन से धुलवाये गये। फर्द दृष्टान्त फिनोफ्थलीन पाउडर एवं सोडियम कार्बोनेट पृथक से तैयार की जाकर सम्बन्धितों के हस्ताक्षर करवाये गये। समय 01.05 पी.एम पर मन् पुलिस उप अधीक्षक द्वारा कार्यालय मे उपस्थितशुद्वा परिवादी श्री केदार सहनी व श्री चांदमल उर्फ चन्दु सुवालका को आरोपी की लोकेशन मालुमात करने की कहा तो श्री चांदमल उफ चन्दु सुवालका ने आरोपी से वार्ता कर बताया कि आरोपी अभी जरूरी राजकार्य से बाहर है और आरोपी ने बताया कि आज वह भीलवाडा नही आयेगा। आईन्दा जब भी भीलवाडा आयेगा तो सूचना कर देगा। समय 01.30 पी.एम पर चूकिं आज ट्रैप कार्यवाही होना सम्भव नही है। अतः मन् पुलिस उप अधीक्षक द्वारा स्वतन्त्र गवाह के समक्ष कार्यालय मे मौजुद श्री पवन कानि से परिवादी की लोवर की बांयी जेब मे रखी पाउडरयुक्त रिश्वती राशि 25,000 रूपये सुरक्षित निकलवा कर सफेद कागज मे लपेटकर मालखाने मे सुरक्षित रखवायी गई। समय 01.45 पी.एम पर स्वतंत्र गवाह श्री गोपाल लाल पॅवार, वरिष्ठ सहायक, कार्यालय खनि अभियंता–भीलवाडा व श्री पवन कुमार यादव, आशुलिपिक, कार्यालय खनि अभियंता–भीलवाडा, परिवादी श्री केदार सहनी व श्री चांदमल उर्फ चन्दु सुवालका को हिदायत कर रूखसत किया गया। समय 02.00 पी.एम पर भ्र.नि. ब्यूरो चौकी भीलवाडा–प्रथम से उपस्थितशुद्वा श्री प्रहलाद हैड कानि, श्री पवन कानि को ए.सी.बी. चौकी भीलवाडा–प्रथम पर उपस्थित होने के लिए हिदायत कर रूखसत किया गया। दिनांक 21.12.2022 समय 01.30 पी.एम पर परिवादी श्री केदार सहनी व श्री चांदमल उर्फ चन्दु सुवालका उपस्थित चौकी आये। श्री चांदमल उर्फ चन्दु सुवालका ने बताया कि मेरी आज आरोपी पटवारी जी से बात हुई है। उन्होने कहां कि मैं आज 4 बजे तेरे से मिलूंगा, अतः आज ट्रैप कार्यवाही हो जायेगी। जिस पर श्री केदार सहनी व श्री चांदमल उर्फ चन्दु सुवालका को कार्यालय कक्ष मे बिठाया। समय 01.45 पी.एम पर स्वतंत्र गवाह श्री गोपाल लाल पॅवार, वरिष्ठ सहायक, कार्यालय खनि अभियंता–भीलवाडा व श्री पवन कुमार यादव, आशुलिपिक, कार्यालय खनि अभियंता–भीलवाडा को अविलम्ब इस कार्यालय मे अग्रिम ट्रैप कार्यवाही हेतु उपस्थित होने हेतु सूचित किया। समय 01.50 पी.एम पर श्री प्रहलाद कुमार हैड कानि व श्री पवन कुमार कानि 417 भ्रनिब्यूरो भीलवाडा–प्रथम को अविलम्ब इस कार्यालय मे अग्रिम ट्रैप कार्यवाही हेतु उपस्थित होने हेतु सूचित किया। समय 02.00 पी.एम पर स्वतंत्र गवाह श्री गोपाल लाल पॅवार, वरिष्ठ सहायक, कार्यालय खनि अभियंता–भीलवाडा व श्री पवन कुमार यादव, आशुलिपिक, कार्यालय खनि अभियंता–भीलवाडा तलबी पर उपस्थित कार्यालय आये। समय 02.10 पी.एम पर श्री प्रहलाद कुमार हैड कानि व श्री पवन कुमार कानि 417 भ्रनिब्यूरो भीलवाडा–प्रथम से तलबी पर उपस्थित कार्यालय आये। समय 02.20 पी.एम पर स्वतंत्र गवाह के समक्ष श्री पवन कानि 417 से कार्यालय के मालखाने मे सफेद कागज मे लपेटकर रखी पाउडरयुक्त रिश्वती राशि 25,000 रूपये सुरक्षित निकलवा कर परिवादी की पहने हुई पेंट की बांयी जेब मे रखवायी गई, सफेद कागज का जलाकर नष्ट किया गया। श्री पवन कुमार कानि व समस्त जाप्ते के हाथ साबुन पानी से धुलवाये गये। दिनांक 21.12.2022 समय 02.45 पी.एम पर मन्.शिवप्रकाश पुलिस उप अधीक्षक मय श्री गोपाल जोशी हैड कानि, श्री रामेश्वर लाल कानि, श्री प्रेमराज कानि, परिवादी श्री केदार सहनी व श्री चांदमल उर्फ चन्दु सुवालका प्राईवेट वाहन से तथा स्वतंत्र गवाह श्री गोपाल लाल पॅवार, वरिष्ठ सहायक, व श्री पवन कुमार यादव, आशुलिपिक मय श्री प्रहलाद हैड कानि, श्री महेन्द्र कुमार कानि, श्री विनय प्रताप सिंह मय सरकारी वाहन बोलेरो से मय ट्रेप बॉक्स व डिजीटल वॉईस रिकॉर्डर मय नया खाली मेमारी कार्ड, लेपटॉप, प्रिन्टर, व अन्य ट्रेप सामग्री साथ लेकर वास्ते ट्रेप कार्यवाही हेतु पुर बाईपास की ओर रवाना हुआ। समय 03.05 पी.एम पर मन् शिवप्रकाश पुलिस उप अधीक्षक मय हमराहीयान के उपरोक्त का रवानाशुद्वा आर.टी.ओ. चौराहा, भीलवाडा के सामने रामप्रसाद लढा नगर, भीलवाडा पहूॅचा। समय 03.25 पी.एम पर श्री चांदमल उर्फ चन्दु सुवालका ने बताया कि आरोपी मुझे कही भी बुला सकता है। इसलिए मैं पास ही स्थित अपनी होटल से मोटरसाईकिल लेकर आ जाता हूॅ। जिस पर श्री चांदमल उर्फ चन्दु सुवालका को निर्देशित किया कि वह जल्दी जाकर अपनी मोटरसाईकिल लेकर आ जावें। समय 03.45 पी.एम पर श्री चांदमल उर्फ चन्दु सुवालका अपनी मोटरसाईकिल लेकर उपस्थित आया। समय 04.25 पी.एम पर श्री चांदमल उर्फ चन्दु सुवालका के फोन पर आरोपी का फोन आया व आरोपी ने बताया कि मैं 15 मिनिट बाद केदार सहनी के प्लॉट के सामने चितौड–अजमेर हाईवे रोड, भीलवाडा पर पहुॅच रहा हुॅ, तुम मुझे वही हाईवे रोड पर ही मिलना। समय 04.40 पी.एम पर स्वतन्त्र गवाहान के समक्ष श्री चांदमल उर्फ चन्दु सुवालका को डिजिटल वॉयस रिकॉर्डर मय नया मेमोरी कार्ड चालु कर सिपूर्द कर मय परिवादी श्री केदार सहनी के मोटरसाईकिल से केदार सहनी के प्लॉट के सामने चितौड–अजमेर हाईवे रोड, भीलवाडा रवाना कर मन् पुलिस उप अधीक्षक मय हमराहीयान के सरकारी व प्राईवेट वाहन से उक्त दोनो की मोटरसाईकिल के पीछे पीछे रवाना हुआ। समय 04.45 पी.एम पर मन् पुलिस उप

अधीक्षक मय हमराहीयान के सरकारी व प्राईवेट वाहन से रवाना हो लक्ष्मीपुरा हाईवे अन्डर ब्रिज के पास पहुँच, वाहनो को सुरक्षित पर खडे कर वाहनो मे ही मुकिम रहकर श्री रामेश्वर लाल कानि व प्रेमराज कानि को पैदल–पैदल श्री केदार सहनी के निर्माणाधीन मकान के आगे स्थित होटल के लिए रवाना कर मुकिम हुआ। समय 05.10 पी.एम पर श्री चांदमल उर्फ चन्दु सुवालका मय परिवादी श्री केदार सहनी के मोटरसाईकिल से उपस्थित आये, श्री चांदमल उर्फ चन्दु सुवालका ने चालु डिजीटल वॉयस रिकॉर्डर मय नया मेमोरी पेश किया। जिसे मन् पुलिस उप अधीक्षक ने प्राप्त कर बंद किया, पीछे–पीछे श्री रामेश्वर लाल कानि व प्रेमराज कानि भी पैदल–पैदल उपस्थित आये। श्री चांदमल उर्फ चन्दु सुवालका ने बताया कि मैं व केदार सहनी मोटरसाईकिल से रवाना हो चितौड–अजमेर हाईवे रोड, भीलवाडा रोड पर पहुँचे, जहां आरोपी मय चालक के बोलेरो वाहन मे उपस्थित मिला। मैने केदार सहनी से रिश्वत राशि अपने पास ले ली और केदार सहनी के सामने आरोपी से वार्ता की और आरोपी को रिश्वत राशि 25,000 रूपये देना चाहा तो आरोपी ने कहा कि मैं पुरे 50,000 रूपये लुगा। फिर आरोपी उसकी बोलरो वाहन मे मुझे बिठाकर केदार सहनी निर्माणाधीन मकान पर ले गया, पीछे–पीछे केदार सहनी मोटरसाईकिल से आया। केदार सहनी के निर्माणाधीन मकान पर आरोपी ने और काम के संबध मे बातचीत की, और मौके पर कहा तक निर्माण करना है और कहा तक तोडना है, यह भी बताया। आरोपी ने रिश्वत राशि ग्रहण नही की और कहा कि पुरे 50,000 रूपये ही लुगा, यह कहकर अपने बोलेरो वाहन से चला गया। तत्पश्चात श्री केदार सहनी से दरियाप्त की तो उसने भी उक्त हालात की ताईद की। तत्पश्चात श्री चांदमल उर्फ चन्दु सुवालका द्वारा पेशशुदा डिजीटल वॉयस रिकॉर्डर मय मेमोरी कार्ड को चालुकर सूना तो परिवादीगण द्वारा बताये गये तथ्यों की ताईद हुई। समय 06.00 पी.एम पर परिवादीगण ने बताया कि अभी हमारे काम होने से हम यही पर रूक जाते है, कल हम शेष 25,000 रूपये की और व्यवस्था कर कार्यालय पर उपस्थित हो जायेगे। परिवादीगण श्री चांदमल उर्फ चन्दु सुवालका व श्री केदार सहनी को पाउडरयुक्त रिश्वती राशि के बारे मे पूछा तो श्री चांदमल उर्फ चन्दु सुवालका ने अपनी पेंट की बांयी जेब रखी होना बताया। जिसे श्री गोपाल जोशी हैडकानि से निकलवा कर सफेद कागज मे लपेटकर सुरक्षित रखवायी गई। समय 06.15 पी.एम पर परिवादीगण श्री चांदमल उर्फ चन्दु सुवालका व श्री केदार सहनी को हिदायत कर रूखसत किया गया। समय 06.25 पी.एम पर मन् शिवप्रकाश पुलिस उप अधीक्षक मय श्री गोपाल जोशी हैड कानि मय सफेद कागज मे लपेटकर रखी रिश्वत राशि 25,000 रूपये, श्री रामेश्वर लाल कानि, श्री प्रेमराज कानि प्राईवेट वाहन से तथा स्वतंत्र गवाह श्री गोपाल लाल पॅवार, वरिष्ठ सहायक, व श्री पवन कुमार यादव, आशुलिपिक मय श्री प्रहलाद हैड कानि, श्री महेन्द्र कुमार कानि, श्री विनय प्रताप सिंह मय सरकारी वाहन बोलेरो से मय ट्रेप बॉक्स व दिनांक 21.12.2022 को लेन–देन प्रयास की वार्ता का डिजीटल वॉईस रिकॉर्डर मय मेमारी कार्ड, लेपटॉप, प्रिन्टर, व अन्य ट्रेप सामग्री के लक्ष्मीपुरा हाईवे अन्डर ब्रिज के पास से रवाना कार्यालय हुआ। समय 06.55 पी.एम पर मन् शिवप्रकाश पुलिस उप अधीक्षक मय हमराहीयान के उपरोक्त का रवानाशुद्वा ए.सी.बी. कार्यालय भीलवाडा–द्वितीय पहुँचा। श्री गोपाल जोशी हैड कानि मय सफेद कागज मे लपेटकर रखी रिश्वत राशि 25,000 रूपये व दिनांक 21.12.2022 को लेन–देन प्रयास की वार्ता के डिजीटल वॉईस रिकॉर्डर मय मेमारी कार्ड को कार्यालय के मालखाने मे सुरक्षित रखवाया। समय 06.55 पी.एम पर स्वतंत्र गवाह श्री गोपाल लाल पॅवार, वरिष्ठ सहायक, व श्री पवन कुमार यादव, आशुलिपिक को हिदायत कर रूखसत किया गया। दिनांक 22.12.2022 समय 01.30 पी.एम पर परिवादी श्री केदार सहनी व श्री चांदमल उर्फ चन्दु सुवालका उपस्थित चौकी आये। परिवादीगण ने दरियाप्त पर बताया कि 25,000 रूपये शेष रिश्वत राशि की भी व्यवस्था करके लाये है। श्री चांदमल उर्फ चन्दु सुवालका ने बताया कि मेरी आज सुबह आरोपी पटवारी जी से बात हुई है। उन्होने कहां कि मैं आज शाम को 4–5 बजे तेरे से मिलूंगा, अतः आज ट्रैप कार्यवाही हो जायेगी। जिस पर श्री केदार सहनी व श्री चांदमल उर्फ चन्दु सुवालका को कार्यालय कक्ष मे बिठाया। समय 01.45 पी. एम पर स्वतंत्र गवाह श्री गोपाल लाल पॅवार, वरिष्ठ सहायक, कार्यालय खनि अभियंता–भीलवाडा व श्री पवन कुमार यादव, आशुलिपिक, कार्यालय खनि अभियंता–भीलवाडा को अविलम्ब इस कार्यालय मे अग्रिम ट्रैप कार्यवाही हेतु उपस्थित होने हेतु सूचित किया। समय 02.15 पी.एम पर स्वतंत्र गवाह श्री गोपाल लाल पॅवार, वरिष्ठ सहायक, कार्यालय खनि अभियंता–भीलवाडा व श्री पवन कुमार यादव, आशुलिपिक, कार्यालय खनि अभियंता–भीलवाडा तलबी पर उपस्थित कार्यालय आये। समय 02.30 पी. एम पर मन् पुलिस उप अधीक्षक द्वारा कार्यालय मे उपस्थितशुद्वा श्री केदार सहनी व श्री चांदमल उर्फ चन्दु सुवालका को आरोपी को रिश्वत में दी जाने वाली शेष रिश्वत राशि पेश करने हेतु कहने पर परिवादी श्री केदार सहनी ने अपने पास से भारतीय चलन मुद्रा के 500–500 रूपये के 50 नोट कुल 25,000 रूपये प्रस्तुत किये। परिवादी द्वारा पेश नोटों पर मुद्रित नम्बरों को फर्द में अंकित करवाया गया, तत्पश्चात कार्यालय के मालखाना से फिनोल्फ्थलीन पाउडर की शीशी को श्री पवन कुमार कानि 417 से निकलवाई जाकर उपरोक्त नोटों के दोनों ओर श्री पवन कुमार कानि से फिनोल्फ्थलीन पाउडर लगवाया गया। परिवादी श्री केदार सहनी की जामा तलाशी गवाह श्री गोपाल लाल पॅवार वरिष्ठ सहायक, कार्यालय खनि अभियंता–भीलवाडा से लिवाई जाकर कोई वस्तु नही छोडते हुए पाउडर लगे नोटों को श्री पवन कुमार कानि से परिवादी की पहनी हुई पेंट की बांयी जेब में रखवाये गये।

[redacted]

तत्पश्चात श्री रामेश्वर लाल कानि. 250 से एक साफ कॉच के गिलास में साफ पानी भरवाकर मंगवाया जाकर इसमें एक चम्मच सोडियम कार्बोनेट पाउडर डलवाकर घोल तैयार करवाया जाकर हाजरियान को दिखाया गया तो हाजरियान ने घोल का रंग अपरिवर्तित होना स्वीकार किया। इस घोल में श्री पवन कुमार कानि की अंगुलियों, अंगूठे को डूबोकर धुलवाई गई तो धोवण का रंग गुलाबी हो गया। इस प्रकार मन् पुलिस उप अधीक्षक ने हाजरियान के समक्ष फिनोफ्थलीन पाउडर एवं सोडियम कार्बोनेट पाउडर की रासायनिक प्रतिक्रिया प्रदर्शित कराकर उसके मन्तव्य से अवगत कराते हुए बताया कि आरोपी द्वारा परिवादी से रिश्वत राशि ग्रहण करने के पश्चात उक्त प्रकिया अपनाई जायेगी। जिससे यह प्रमाणित होगा कि आरोपी ने रिश्वती राशि अपने हाथों से ग्रहण की है। उक्त गुलाबी घोल को श्री पवन कुमार कानि से कार्यालय से बाहर फिंकवाया जाकर फिनोफ्थलीन पाउडर की शीशी को श्री पवन कुमार कानि से कार्यालय के मालखाना में सुरक्षित रखवाई गई तथा फिनोफ्थलीन पाउडर लगाने में काम में लिये गये सफेद कागज को जलाकर नष्ट करवाया गया। कांच के गिलास को दो बार साफ पानी व साबुन से धुलवाये गये। परिवादी को हिदायत दी गई कि वह आरोपी के द्वारा रिश्वत राशि मांगने पर ही उसे देवे तथा रिश्वत राशि देने से पूर्व या देने के बाद उससे हाथ नहीं मिलावे तथा न ही उसके शरीर के किसी अंग को छुए, यदि अभिवादन की आवश्यकता हो तो हाथ जोड़कर अभिवादन करे। परिवादी को यह भी हिदायत दी गई कि रिश्वत राशि देते समय जल्दबाजी व घबराहट का प्रदर्शन न करे तथा रिश्वत राशि देने के बाद अपने सिर पर हाथ फेरकर ईशारा करे। यह निर्धारित ईशारा ट्रेप पार्टी के सभी सदस्यों को समझाया गया। ट्रेप कार्यवाही में प्रयुक्त होने वाली कांच की शिशियॉ, गिलास, ढक्कन चम्मच इत्यादि को श्री रामेश्वर लाल कानि. से साफ पानी व साबुन से दो बार धुलवाकर ट्रेप बाक्स में रखवाये गये। गवाहान तथा ट्रेप पार्टी के सदस्यों को यह भी हिदायत दी गई कि यथासंभव अपनी–अपनी उपस्थिति को छिपाते हुए परिवादी तथा आरोपी के मध्य रिश्वती राशि के लेन–देन को देखने व सुनने का प्रयास करे। ट्रेप पार्टी के सभी सदस्यों के हाथ साफ पानी व साबुन से धुलवाये गये। फर्द दृष्टान्त फिनोफ्थलीन पाउडर एवं सोडियम कार्बोनेट पृथक से तैयार की जाकर सम्बन्धितों के हस्ताक्षर करवाये गये। समय 03.30 पी.एम पर स्वतन्त्र गवाहान के समक्ष कार्यालय के मालखाने से सफेद कागज मे लपेटकर रखे पाउडरयुक्त 25,000 रूपये रिश्वती राशि को कानि श्री पवन कुमार से निकलवा कर परिवादी श्री केदार सहनी की पहनी हुई पेंट की बांयी जेब मे रखवाये। सफेद कागज को जलाकर नष्ट किया गया। श्री पवन कुमार कानि हाथ साबुन पानी से धुलवाये गये। समस्त ट्रैप पार्टी के सदस्यो के हाथ पुनः साबुन पानी से धुलवाये गये। समय 03.45 पी.एम पर परिवादी श्री केदार सहनी व श्री चांदमल उर्फ चन्दु सुवालका को आरोपी लोकेशन मालुमात करने के लिये कहा तो श्री चांदमल उर्फ चन्दु सुवालका ने आरोपी से वॉटसएप कॉल पर वार्ता की तो आरोपी ने बताया कि मैं आज बाहर हूँ और देर रात तक भीलवाडा पहुँचुंगा तथा मैं कुछ दिनो के लिये बाहर जा रहा हूँ, वापस आकर मैं तुम्हे कॉल कर बता दूंगा। श्री चांदमल उर्फ चन्दु सुवालका ने बताया कि आज व आने वाले कुछ दिनो आरोपी के बाहर जाने से ट्रैप कार्यवाही नही हो पायेगी। आईन्दा जब भी आरोपी का मेरे पास कोई कॉल या समाचार आयेगा तो मै आपको सूचित कर दुंगा। समय 04.15 पी. एम पर स्वतन्त्र गवाहान के समक्ष परिवादी श्री केदार सहनी की पेंट की बांयी जेब मे रखे पाउडरयुक्त 25000–25000 रूपये कुल 50,000 रूपये श्री शिवराज सिंह कानि से निकलवा कर सफेद कागज मे लपेट कर मालखाने मे सुरक्षित रखवाये। समय 04.45 पी.एम पर परिवादी श्री केदार सहनी, श्री चांदमल उर्फ चन्दु सुवालका व स्वतन्त्र गवाह श्री गोपाल लाल पॅवार, वरिष्ठ सहायक, कार्यालय खनि अभियंता–भीलवाडा व श्री पवन कुमार यादव, आंशुलिपिक, कार्यालय खनि अभियंता–भीलवाडा तथा श्री प्रहलाद कुमार हैड कानि व श्री पवन कुमार कानि 417 भ्रनिब्यूरो भीलवाडा–प्रथम को गोपनीयता रखने की हिदायत कर रूखसत किया गया। दिनांक 06.01.2023 समय 01.30 पी.एम पर परिवादी श्री केदार सहनी व श्री चांदमल उर्फ चन्दु सुवालका उपस्थित चौकी आये। श्री चांदमल उर्फ चन्दु सुवालका ने बताया कि मेरी आज सुबह आरोपी पटवारी जी से बात हुई है, उन्होने कहां कि मैं आज शाम को 4–5 बजे तेरे से मिलूंगा, आज शाम को तु अकेला ही मेरे से मिलना, केदार सहनी को तेरे साथ लेकर मत आना, शाम को मैं कॉल कर बता दूंगा कि अपन कहा मिलेंगे, अतः आज ट्रैप कार्यवाही हो जायेगी। जिस पर श्री केदार सहनी व श्री चांदमल उर्फ चन्दु सुवालका को कार्यालय कक्ष मे बिठाया, हालात अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, भीलवाडा–द्वितीय को अर्ज किये। समय 02.00 पी.एम पर स्वतंत्र गवाह श्री गोपाल लाल पॅवार, वरिष्ठ सहायक, कार्यालय खनि अभियंता–भीलवाडा व श्री पवन कुमार यादव, आशुलिपिक, कार्यालय खनि अभियंता–भीलवाडा को अविलम्ब इस कार्यालय मे अग्रिम ट्रैप कार्यवाही हेतु उपस्थित होने हेतु सूचित किया। समय 03.00 पी.एम पर स्वतंत्र गवाह श्री गोपाल लाल पॅवार, वरिष्ठ सहायक, व श्री पवन कुमार यादव, आशुलिपिक, कार्यालय खनि अभियंता–भीलवाडा तथा श्री प्रहलाद हैडकानि तलबी पर उपस्थित कार्यालय आये। समय 03.30 पी.एम पर स्वतन्त्र गवाहान के समक्ष कार्यालय के मालखाने से सफेद कागज मे लपेटकर रखे पाउडरयुक्त 50,000 रूपये रिश्वती राशि को कानि श्री किशोर कुमार से निकलवा कर श्री चांदमल उर्फ चन्दु सुवालका की पहनी हुई पेंट की बांयी जेब मे रखवाये। सफेद कागज को जलाकर नष्ट किया गया। श्री किशोर कुमार कानि हाथ साबुन पानी से धुलवाये गये। समस्त ट्रैप पार्टी के सदस्यो के हाथ पुनः साबुन पानी से धुलवाये गये। समय

[redacted]

